दिनांक : 06.04.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

भाजपा दिवस- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। अपने वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा के संस्थापकों और पार्टी के लिए दिन-रात काम करने वाले कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा।

राजनाथ सिंह - स्थापना दिवस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि देश के सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि सैनिक दिन-रात, हर मौसम में और हर परिस्थिति में देश की सेवा करते हैं। नई दिल्ली में सेना चिकित्सा कोर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सिंह ने देश के अन्य हिस्सों में भी अनुसंधान और रेफरल अस्पताल जैसी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रमुख संस्थान देश के हर कोने में होने चाहिए, ताकि सेना को हर जगह बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

मुख्यमंत्री एनएसजी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश पुलिस के जवानों के समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण 4 मई तक संचालित होगा। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने आतंकी हमले की परिकल्पित स्थिति का सजीव प्रदर्शन करते हुए ऐसे हमलों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एनएसजी की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यंत्री डॉ यादव ने कहा कि एनएसजी कमांडो हर चुनौतीपूर्ण समय में देश के सुरक्षा कवच बनकर पूर्ण साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपना कर्तव्य निभाते हैं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश नक्सलमुक्त हो चुका है और सशस्त्र बलों को उन्नत प्रशिक्षण देकर अपराध व आतंकवाद जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।

सरकार-एलपीजी सिलेंडर

सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक-काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद 23 मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। चार अप्रैल को 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग के 95 प्रतिशत की ऑनलाइन बुकिंग हुई। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईंधन की निर्बाध आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री परिवहन और भारतीय नागरिकों की मदद के लिए व्यापक उपाय किए जा रहे हैं।

प्रदेश एलपीजी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण देश और प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई में किसी प्रकार की रुकावट नहीं है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

समाचार संक्षेप में :-

- कान्हा टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र में कल मादा बाघ का शव मिला। बाघ की मौत का कारण आपसी संघर्ष बताया गया है।
- गुना में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज भाजपा के 17 जिलों के नवीन जिला कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- इंदौर में शहर के समग्र विकास एवं सुगम यातायात व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केसर बाग रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद शंकर लालवानी ने किया।

- झाबुआ जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है।
- आगरमालवा नगर पालिका परिषद् द्वारा शहर के प्रमुख जलस्रोत मोतीसागर तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करते हुए तालाब किनारे 1.82 करोड़ रुपए की लागत से अटल पथ का निर्माण शुरू किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले में असमय वर्षा और ओलावृष्टि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को तत्काल सर्वे कर फसल क्षति एवं अन्य नुकसान का सटीक आंकलन कराने के निर्देश दिए हैं।